कार्यालयः जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, मयूर विहार, देहरादून।

आदेश संख्याः प्रा0शि0 विज्ञप्ति/779 /स.अ.(वि.शि.)/2025–26 दिनांक 31 मार्च, 2026

कार्यालय ज्ञाप

सहायक अध्यापक, प्राथमिक (विशेष शिक्षा) के पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची, विभागीय वैबसाईट www.schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड कर प्रमाण पत्र सत्यापन/काउन्सिलिंग की तिथि **दिनांक 04–04–2026 (शनिवार) को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर, मयूर विहार, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून में पूर्वाह्न 10:00 बजे निर्धारित की जाती है।** सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा प्रमाण पत्र सत्यापन/काउन्सिलिंग में निम्नांकित अभिलेख उपलब्ध कराये जाने आवश्यक होंगेः–

1. समस्त शैक्षिक, प्रशिक्षण अंक पत्र/प्रमाण पत्रों की मूल प्रति।
2. अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम उत्तीर्ण अंक पत्र/प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
3. स्थायी निवास/मूल निवास/जाति प्रमाण पत्र (विवाहित महिलाओं का जाति प्रमाण पत्र पिता के आधार पर)की मूल प्रति।
4. दिव्यांगता से आच्छादित होने वाले अभ्यर्थियों द्वारा स्थायी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
5. आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा शासनादेशानुसार नवीनतम् प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा निर्गत आर.सी.आई. पंजीकरण प्रमाण पत्र नियमानुसार वैध अर्थात् प्रमाण पत्र अद्यतन होना अनिवार्य है।

नोटः– समस्त अभ्यर्थी काउन्सिलिंग के समय अपने मूल शैक्षिक, प्रशिक्षण एवं अन्य समस्त प्रमाण पत्रों के साथ उनकी दो–दो प्रतियां भी स्वप्रमाणित कर साथ लायेंगे।

31/3/2026

(प्रेमलाल भारती)
जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.)
देहरादून।